दिनांक 04.04.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मतदाता जागरूकता में सम्मानित हुए नवविवाहिता वधु वरिष्ठ नागरिक एवं युवा

भिलाईनगर/लोकसभा निर्वाचन 2024 में लोगो के शत्-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने तथा मतदान करवाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत भिलाई नगर निगम सीमा क्षेत्र के विधानसभा क्रमांक 65 भिलाईनगर के 16 स्थानो में नवविवाहता वधु, युवा मतदाता एवं वरिष्ठ नागरिको का सम्मान किया गया।

विधानसभा 65 भिलाईनगर के सहायक रिर्टर्निंग आफिसर एवं डिप्टी कलेक्टर योगिता देवांगन , भिलाई नगर के तहसीलदार पंचभाई गुरूदत्त ने वरिष्ठ नागरिको, नवविवाहता वधु का तिलक लगाकर सम्मान किया एवं आने वाले लोकसभा चुनाव में स्वयं के मतदान के साथ लोगो को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया।